दिनांक 19 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर मिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने विभिन्न कार्यों को लेकर विभागीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में विभिन्न कार्यों को लेकर विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली!
बैठक में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर आयुक्त द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई ,आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग होनी चाहिए ऐसे भवन को खासकर चयन किया जाए जो 1500 स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्रफल वाले हैं जिनके यहां वाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनाया गया है तथा घर का पानी नाली के माध्यम से बह जाता है , इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करें ताकि सरकारी भवनों के साथ साथ निजी भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध हो जिससे जलस्तर बना रहे यह भी निर्देशित किया गया कि निगम के किसी भी टंकियों से ओवरफ्लो न हो!
स्वच्छता अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड के तहत पोशाक की व्यवस्था 1 सप्ताह के भीतर सुनिश्चित हो ताकि सफाई कामगार के पोशाकों में एकरूपता नजर आए साथ ही निगम के चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी भी अपने निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित हो!
उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए वृक्षारोपण में जन भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया!

जनसम्पर्क अधिकारी